ऑनलाइन आवेदन की 17 अंतिम तिथि

जालोर @ पत्रिका. राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। महाविद्यालय की ओर से आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 19 जुलाई है। अतंरिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। वहीं दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क ई-मित्र पर जमा करवाने की अन्तिम तिथि 26 जुलाई है। प्रथम प्रवेशित छात्राओं की सूची का प्रकाशन 28 जुलाई को किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका
14.07.23

कॉलेज में आवेदन 17 तक कर सकेंगे

जालोर | श्री राजेंद्र सूरि कुंदन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा बदलाव किया गया है। प्राचार्य डॉ. एमएल जांगिड़ ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है। आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि बुधवार 19 जुलाई है। अंतरिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन शुक्रवार 21 जुलाई को किया जाएगा।

दैनिक भास्कर
14.07.23